# समाचार वाणी
खबर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 28 September 2026


## राजस्थान विधानसभा मे राज्यपाल का अभिभाषण, जनकल्याण पर फोकस

राजेश चौधरी | Published on 30 Jan 2026




राजेश चौधरी | जयपुर | समाचार वाणी न्यूज़

आज सोलहवीं राजस्थान विधानसभा के पंचम सत्र के अवसर पर माननीय राज्यपाल श्री **हरिभाऊ किसनराव बागडे** जी ने अपने अभिभाषण के माध्यम से सदन को संबोधित किया। राज्यपाल महोदय ने अपने उद्बोधन में विगत दो वर्षों के दौरान प्रदेश में **विकास, सुशासन और जनकल्याण** के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा की गई प्रमुख उपलब्धियों का विस्तृत उल्लेख किया।

राज्यपाल श्री बागडे ने कहा कि राज्य सरकार ने जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नीतिगत सुधारों, पारदर्शी प्रशासन और प्रभावी योजनाओं के माध्यम से प्रदेश को प्रगति के पथ पर अग्रसर किया है। उन्होंने सामाजिक कल्याण, आधारभूत ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे क्षेत्रों में हुए सकारात्मक बदलावों की सराहना की।

मुख्यमंत्री श्री **भजनलाल शर्मा** ने राज्यपाल के अभिभाषण को प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी मार्गदर्शन और विचारों से प्रदेश के विकास तथा जनसेवा के संकल्प को नई ऊर्जा और दिशा मिली है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि राज्य सरकार आगामी समय में भी जनअपेक्षाओं पर खरी उतरते हुए राजस्थान को समृद्ध और सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी।

सत्र के दौरान राज्यपाल के संबोधन को सदन के सदस्यों ने गंभीरता से सुना और इसे राज्य के भविष्य की दिशा तय करने वाला बताया। पंचम सत्र की शुरुआत राज्य के समग्र विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.